प्रादेशिक समाचार
30.10.2025 (दोपहर–1455 बजे)

गृह मंत्री अमित शाह ने बताया है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत इस वर्ष देश भर में हर राज्य, जिले, स्कूल और विश्वविद्यालय में व्यापक पैमाने पर एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक नागरिक को इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

श्री शाह ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में पहली नवंबर से 15 नवंबर तक एकता नगर में भारत पर्व के आयोजन की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत पर्व के समापन पर जनजातीय गौरव दिवस भी मनाया जाएगा, जिसमें आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक परिधान, आदिवासी व्यंजन और संगीत के विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और हेल्पडेस्क मैनेजरों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान सूची की 'पैतृक मैपिंग' का कार्य तेजी और त्रुटिरहित ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने 'बुक ए कॉल विथ बीएलओ' सुविधा के प्रभावी प्रचार–प्रसार और शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए।

****

घाटशिला में आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत जादूगोड़ा क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र ने किया, जिसमें परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने मतदान दिवस पर अधिक से अधिक लोगों से मतदान करने की अपील करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

****

सरायकेला खरसावां जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना बच्चों के पोषण और शारीरिक विकास के लिए मददगार साबित हो रही है।

****

अक्षय नवमी के अवसर पर सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर में महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा–अर्चना कर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। मौके पर पंडित गिरीश तिवारी ने बताया कि इस दिन आंवला वृक्ष पर विष्णु का वास माना जाता है और इसकी पूजा से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

****

दुमका के शिकारीपाड़ा में आज सुबह स्टोन चिप्स लदे ट्रेलर और खाली ट्रक की सीधी टक्कर हुई। हादसा रामपुरहाट मुख्य मार्ग के दलदली गांव के पास हुआ जिस में एक चालक की मौत हो गई।

****

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से रांची सहित राज्य के कई जिलों में बारिश जारी है, जिसके कारण तापमान में गिरावट और ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में कल तक बारिश की संभावना है जिसके तहत रांची, गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने बताया कि दो नवंबर के बाद मौसम साफ होगा और सर्दी का असर बढ़ेगा।